कई यादगार किरदार निभाए, जो आज भी लोगों के चेहरे पर ले आते हैं मुस्कान

- उज्जैन आगमन पर राकेश बेदी से
- नवभारत ने विशेष चर्चा की

उज्जैन। टेपा सम्मेलन तो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और यहां पर मंच से पत्रकार और सामाजिक सेवा में लगे व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाता है। यह एक ऐसा मंच है जहां पर अनेक प्रसिद्ध अभिनेताओं को सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ ही शहर की भी अनेक हस्तियों का सम्मान मिल चुका है।

इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राकेश बेदी हिंदी सिनेमा और टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता उज्जैन आए। जिन्हें खास तौर पर उनकी कॉमिक टाइमिंग और आसान, दिलचस्प अभिनय के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में कई यादगार किरदार निभाए हैं, जो आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ले आते हैं। फिल्म धुरंधर में भी राकेश बेदी नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने एक अहम सहायक किरदार निभाया है। जो कहानी को आगे बढ़ाने में मदद करता है। उनका रोल हल्का-फुल्का हास्य भी लाता है। जिससे फिल्म के गंभीर माहौल में बैलेंस बना रहता है। इस फिल्म में उनके साथ रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे बड़े कलाकार भी हैं। राकेश बेदी ने अपने अनुभव से इस मल्टीस्टारर फिल्म में भी अलग पहचान बनाई है। राकेश बेदी का जन्म 1 दिसंबर 1954 को नई दिल्ली में हुआ था। बचपन से ही उन्हें अभिनय में दिलचस्पी थी। उन्होंने अपनी एक्टिंग की पढ़ाई फिल्म एंड टेलीविजन इंट्टीट्यूट ऑफ इंडिया से की, जहां से कई बड़े कलाकार भी निकले हैं. यहां से ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने थिएटर और फिल्मों में काम करना शुरू किया। राकेश बेदी ने 1970 के दशक के आखिर में फिल्मों में कदम रखा। उन्हें असली पहचान 1980 और 90 के दशक में मिली, जब उन्होंने कई कॉमेडी फिल्मों में शानदार काम किया। उनकी मशहूर फिल्मों में चश्मे बद्दूर, साथ-साथ, दिल है कि मानता नहीं और हीरो नंबर-1 जैसी फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में छोटे लेकिन असरदार रोल दर्शकों को खूब पसंद आए। खासियत यह रही कि वह साइड रोल में भी अपनी अलग छाप छोड़ देते थे।

टेलीविजन पर भी खूब नाम कमाया

फिल्मों के साथ-साथ राकेश बेदी ने टीवी पर भी खूब नाम कमाया. खासकर कॉमेडी शो श्रीमान श्रीमती में उनका किरदार काफी लोकप्रिय हुआ। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य टीवी सीरियल्स में भी काम किया और दर्शकों का मनोरंजन किया। राकेश बेदी की सबसे बड़ी ताकत उनकी कॉमिक टाइमिंग है। वह बहुत ही सहज तरीके से अभिनय करते हैं, जिससे उनके किरदार असली लगते हैं। उनकी डायलॉग डिलीवरी और चेहरे के हाव-भाव दर्शकों को हंसाने में माहिर हैं। राकेश बेदी अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन में शामिल होने के लिए उज्जैन आये थे।

कनाडा से कल आएगा गुरमीत का पार्थिव शरीर

उज्जैन। पार्श्वनाथ सिटी निवासी गुरमीत सिंह की कनाडा में 14 मार्च को हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उक्त घटना पर दुख जताते हुए शव को भारत लाने की प्रक्रिया में मदद की, ऐसे में घटना के लगभग 20 दिन बाद गुरमीत सिंह का पार्थिव शरीर 3 अप्रैल को उज्जैन आएगा। जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल हो सकते हैं। एक भंडारे का आयोजन भी अशोक नगर लक्ष्मी नगर में रखा गया जिसमें सीएम जाएंगे।

इधर उज्जैन में मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। एक कार्यक्रम बगलामुखी मंदिर पर भी है जहां पर 10 विद्यामता मंदिर की स्थापना की गई है। आज 2 अप्रैल को सुबह से शाम तक धार्मिक अनुष्ठान भजन भंडारे भजन कीर्तन चलेंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रित किया गया है और हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की भी तैयारी की है। यहां भी मुख्यमंत्री जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान तारामंडल परिसर में नव निर्मित साइंस सेंटर का भी लोकार्पण किया जाएगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से लगभग 15 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से इस साइंस सेंटर का निर्माण किया गया है। साइंस सेंटर में विज्ञान के सिद्धांतों को रोचक तरीके से समझाने के लिए गैलरी ऑन साइंस फन, आउटडोर साइंस पार्क, हेरिटेज थीम गैलरी, साइंस और टेक्नोलॉजी आधारित प्रदर्शनी, स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल तथा स्पेस टेक्नोलॉजी जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे विद्यार्थियों को विज्ञान को समझने और अनुभव करने का अवसर मिलेगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम के कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर ने किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तारामंडल परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बुधवार शाम कलेक्टर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम का आयोजन तारामंडल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, समाजसेवी सुरेश सोनी, इसरो के अध्यक्ष सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने तथा सुरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आग से बचाव के लिए फायर सेफ्टी दल की तैनाती, मेडिकल टीम की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था, इलेक्ट्रिक सेफ्टी ऑडिट और आवश्यक बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने के लिए कहा।

राजस्थान के बदमाश ने काटी थी हरियाणा के अभिभाषक की जेब

पुलिस ने पकड़ा, गढ़कालिका मंदिर में हुई थी वारदात

उज्जैन। गढ़ कालिका मंदिर में अभिभाषक की जेब काटने वाले बदमाश को एक माह बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाश ने होटल में रूम ले रखा था और हेयर सैलून की दुकान पर काम कर रहा था। बुधवार को पुलिस ने बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

हरियाणा के पानीपत स्थित गोहाना रोड अशोक विहार में रहने वाले अभिभाषक अभिमन्यु पिता वेदप्रकाश कौशिक 27 फरवरी को परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आये थे। गढ़ कालिका मंदिर में दर्शन के दौरान भीड़ के बीच उनकी जेब अज्ञात बदमाश ने काट ली थी। पर्स में 22 हजार रुपये नगद और दस्तावेज रखे थे। मंदिर में हुई वारदात की शिकायत अभिभाषक ने जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, वहीं आसपास के कैमरों को भी खंगाला गया। फुटेज के आधार पर उक्त युवक की तलाश शुरू की गई और मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया। एक माह बाद मुखबीर से खबर मिली कि उक्त हुलिये का युवक गढ़कालिका मंदिर के पास भैरवगढ़ रोड पर घूम रहा है। तत्काल पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में नाम जयदीप पिता लालशंकर भाटिया निवासी ग्राम छापी डूंगर राजस्थान सामने आया। उसने जेबकटी की वारदात कबूल कर ली। महाकाल क्षेत्र में हेयर सैलून की दुकान पर काम करता है। पुलिस होटल पहुंची तो वहां से अभिभाषक का पर्स और दस्तावेज बरामद हो गये। वहीं 5 हजार की राशि भी जब्त की गई। बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया।

शराब दुकान के सेल्समैन पर हमला

उज्जैन। घट्टिया तहसील के ग्राम बिछड़ोद में शिव बाबा प्राइवेट लिमिटेड नाम से शराब दुकान है जहां सेल्समैन के रूप में शिव पिता केदार प्रसाद गौतम 38 वर्ष निवासी सतना काम करता है। रात में दो युवक बियर लेने पहुंचे थे इस दौरान सेल्समैन दुकान बंद कर चुका था। युवकों ने दुकान का शटर खुला कर दो बियर ली इस दौरान सेल्समैन और उनके बीच पैसों को लेकर कहा सुनी हो गई। दोनों युवक शराब लेकर चले गए सेल्समेन भी खाना खाने चला गया। रात 12 बजे के लगभग सेल्समेन शिव लघु शंका के लिए दुकान से बाहर आया उसी दौरान तीन-चार युवकों ने उस पर पीछे से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल सेल्समैन को उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। जहां उसने बताया कि हमला करने आए युवक अज्ञात है बियर लेने आए युवकों का कहना था कि वह खुद को लोकल होना बता रहे थे। मामले में थाना प्रभारी कारण खोवाल ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है हमला करने वाले अज्ञात युवकों की पहचान कर जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

एक नजर में

मयंक जोशी ने लहराया जीत का परचम

उज्जैन। कर्नाटक के मंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के मयंक जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। उन्होंने कुल 786 किलो वजन उठाकर एक बार फिर शहर और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि 24 से 28 मार्च तक मंगलौर में पावरलिफ्टिंग इंडिया, कर्नाटक पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन और काशाप फिटनेस कोडियालबेल के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर की महिला और पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्पर्धा में मयंक जोशी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए स्क्वाट में 321 किलो, बेंच प्रेस में 152 .5 किलो और डेड लिफ्ट में 312 .5 किलो वजन उठाया। कुल 786 किलो वजन उठाकर उन्होंने ओवरऑल श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। ज्ञात हो कि मयंक जोशी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उज्जैन तथा मध्य प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में शहर के एक अन्य प्रतिभावान खिलाड़ी अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन भी अत्यंत शानदार रहा। खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर नरेंद्र मालवीय, बलराम यादव और मनोज कपासिया ने हर्ष व्यक्त किया। सभी पदाधिकारियों ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बच्चों ने प्रस्तुत की भरतनाट्यम और शिव स्तुति

उज्जैन। श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में घर-घर चल रही 100 भजनों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार, 31 मार्च को 50वां पुष्प रूपी भजन कार्यक्रम सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के वरिष्ठ उमाशंकर भट्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समिति संयोजक शरद सिंह चौहान ने बताया कि दीप प्रज्वलन के पश्चात वेद पाठ और भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विकास के बच्चों ने लिंगाष्टक का सस्वर वाचन किया और भरतनाट्यम के माध्यम से शिव स्तुति प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संजय तिवारी द्वारा संगठन के सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा किस प्रकार बच्चों का नैतिक विकास कर उन्हें संस्कारवान बनाया जाता है, जिससे उनका जीवन सफल हो सके। साथ ही नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और जरूरतमंदों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के विषय में भी विस्तार से अवगत कराया गया। इस गरिमामयी अवसर पर शरद सिंह चौहान, जितेंद्र ठाकुर, प्रेम शंकर शर्मा, मनीष शर्मा और आशा निगम प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

दो जगह किया प्याऊ का लोकार्पण

उज्जैन। उज्जयनी रक्त संचार संस्था ने दो जगह प्याऊ का लोकार्पण किया। जिसमें पहली कोयला फाटक पेट्रोल पंप पर स्व. चंदनबाला जैन की स्मृति में अशोक ट्रांसपोर्ट ने वहीं दूसरी पुलिस विभाग के रक्तदाताओं के सहयोग से अजाक थाने पर किया गया। यह जानकरी संस्था के सदस्य त्रिलोक मेहता ने दी।

4 अप्रैल से 10 जून तक चलेगा अभियान

उज्जैन। ग्रीष्मकाल में बढ़ती गर्मी और 37 डिग्री तक पहुंच चुके तापमान के बीच बेजुबान पक्षियों की उदर पूर्ति और प्यास बुझाने के लिए साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था निर्झर द्वारा विशेष पहल की जा रही है। संस्था द्वारा पक्षी बचाओ, प्रकृति बचाओ महाअभियान 2026 के अंतर्गत शहर में 13 हजार नि:शुल्क अन्न व जलपात्र वितरित किए जाएंगे। यह महाअभियान 4 अप्रैल से प्रारंभ होकर 10 जून तक चलाया जाएगा।

संस्था अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर निर्झर ने बताया कि पक्षियों की इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए संस्था पिछले 23 वर्षों से सतत प्रयासरत है। इस वर्ष महाअभियान अपने 23वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारी और सदस्य नगर की गलियों, मोहल्लों, कॉलोनियों, उद्यानों, प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, देवस्थलों सहित शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में अन्न व जलपात्रों का वितरण करेंगे। साथ ही नागरिकों और जलपात्र प्राप्तकर्ताओं से जन्मदिवस व अन्य शुभ अवसरों पर एक-दूसरे को अन्न व जलपात्र उपहार स्वरूप भेंट करने का आव्हान भी किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी अश्विनी दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि महाअभियान के अंतर्गत चित्रकला, पोस्टर स्लोगन, गीत-कविता और अंत्याक्षरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। अभियान के समापन अवसर पर पक्षी संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पक्षी प्रेमी, बर्डस्टार, खगसखा और नेचुरल स्टार अवार्ड से अलंकृत किया जाएगा।

पुलिया के नीचे मिली नग्न लाश की नहीं हुई पहचान

- हत्या का केस दर्ज, चार से पांच टीम तलाश रही सुराग्

उज्जैन। शिप्रा किनारे भूखी माता मार्ग पर पुलिया के नीचे मिली युवक की नग्न लाश का मामला हत्या का होने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया गया है।

महाकाल थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर को भूखी माता मार्ग पुलिया के नीचे से 25-26 साल के युवक का नग्न शव बरामद किया था। जिसका गला जूते की लेस से गला घोटा गया था। मृतक के कपड़े पेंट और कुर्ता पुलिया के नीचे ही मिले थे। प्रारंभिक जांच में ही मामला हत्या का होने पर पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किया। लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर पोस्टमार्टम कराया और लाश को दफना दिया।

थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे होना सामने नहीं आए हैं। मृतक बाहर का प्रतीत हो रहा है। शहर और ग्रामीण थाना पुलिस के साथ आसपास के जिले के थानों की पुलिस को मृतक के फोटोग्राफ भेजे गए। शहर में मजदूर चौराहों पर भी फोटोग्राफ दिखाकर पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। मृतक के संबंध में जानकारी आने पर ही उसके साथ हुई घटना का पता चल पाएगा। एक टीम अज्ञात हत्या करने वालों की तलाश में गठित की गई है। घटना स्थल के आसपास लोगों से जानकारी जुटाना का प्रयास किया जा रहा है।

कुएं से मिली 73 वर्षीय महिला की लाश

उज्जैन। घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम कदवाली में रहने वाले दरबार के महिला की लाश पड़ी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। जिसे बाहर निकल गया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद सामने आया कि मृतक महिला मीराबाई पति बापू बंजारा 73 वर्ष है। वह ग्राम कदवाली की ही रहने वाली है। परिजनों ने बताया कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी वह घर से निकली थी जिसके चलते उनकी तलाश की जा रही थी इस दौरान घर के पीछे ही कुएं में उनकी लाश पड़ी होना सामने आया।

युवा मंच सत्संग समिति ने 100 निराश्रित बुजुर्गों को बांटा 10-10 किलो गेहूं

उज्जैन। युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन द्वारा नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह 10 किलो गेहूं का वितरण किया जाता है। इसी सेवा कार्य के तहत 1 अप्रैल को अप्रैल माह के गेहूं का वितरण किया गया। अजीत मंगलम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अश्विन नरूला, प्रेम शंकर दुबे और शैलेंद्र दुबे उपस्थित थे।

इस दौरान सभी अतिथियों का साफा बांधकर सम्मान मनोहर परमार, राजेश राणा, दारा सिंह और शिवनारायण जागीरदार ने किया। वहीं महेश सोनोने, फूलचंद जरिया, राजेश श्रीवास, विजय तिवारी, पारस कुमार जैन, ओम हरोड़, धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, संयोजक विट्ठल नागर और लीलाधर ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके अलावा वीरेंद्र परमार, ओम हरोड़, महेंद्र कटियार, मूलचंद राठौर, पिंकी यादव, मोतीलाल चौहान और मांगीलाल राजनोत ने भी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर युवा मंच महिला सत्संग समिति की संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष लक्ष्मी लश्करी, उपाध्यक्ष भारती गुप्ता, नीता आतिया, योगिता आर्य, सचिव व पार्षद प्रेमलता रामी, सह सचिव नीता राठौर, कोषाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, संगठन महामंत्री पिंकी यादव और कविता राय उपस्थित रहीं। साथ ही राजेश राणा, दारा सिंह तथा रितेश वर्मा ने भी आयोजन में सहभागिता की।

इन दानदाताओं का रहा विशेष सहयोग

इस माह के गेहूं वितरण में दानदाताओं का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती कमलेश ने 1100 रुपये, शिवनारायण जागीरदार ने 1100 रुपये, कल्पना कातरे ने 1000 रुपये, शैलेंद्र दुबे ने 500 रुपये, कमलेश पाव ने 400 रुपये और श्यामा राय ने 200 रुपये का सहयोग प्रदान किया। वहीं अन्न दान के रूप में मूलचंद राठौड़ ने 2 क्विंटल 50 किलो, प्रेम शंकर दुबे ने 1 क्विंटल भेंट किया। अंत में गोपाल बागरवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

आश्रम में गोष्ठी व सामग्री वितरित

- शरीफ खान को दिया गया नौशाबा हादी अवार्ड

उज्जैन। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में शिक्षाविद् नौशाबा मौलाना हादी की पुण्यतिथि के अवसर पर महाकाल मार्ग स्थित अपंग आश्रम में विचार गोष्ठी और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आश्रमवासियों को दूध, ब्रेड व फलों का वितरण किया।

सोसायटी के सचिव धर्मेंद्र राठौर और संरक्षक सैयद आबिद मीर ने बताया कि अध्यक्षता एडवोकेट रामचंद्र सोलपंखी ने की। अतिथि के रूप में डॉ. तेज कुमार और इरशाद कुरैशी ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में पंकज जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस वर्ष का प्रतिष्ठित नौशाबा हादी अवार्ड सामाजिक कार्यकर्ता शरीफ खान को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। संचालन इकबाल उस्मानी ने किया तथा आभार संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी ने माना। इस अवसर पर गंगाधर माहा, शाकिर शेख, एडवोकेट जाहिद नूर, अभिषेक सिसोदिया और विनीत सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

बच्चों ने किया प्रदर्शन

उज्जैन। आगर रोड स्थित श्री मायापति हनुमान मंदिर परिसर में पुजारी गणेश राय के मार्गदर्शन में चल रहे छह दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव पर नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला अखाड़ा की टीम ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सामाजिक न्याय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान दोनों ही टीमों के बच्चों ने अखाड़ा विधा और झांझ वादन में अद्भुत कला प्रदर्शन किया। बच्चों ने तिरंगा झंडा भी लहराया। प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर पूजा चौहान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छवि कदम और मंजू जैन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मंजू चतुर्वेदी भी उपस्थित थीं।

प्रवेश उत्सव मनाया — उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर में जिला स्तरीय स्कूल चले हम अभियान कार्यक्रम आयोजित

विद्यार्थियों को अभियान के तहत प्रवेश दिया जाएगा 4 अप्रैल तक

उज्जैन। नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि सभी विद्यार्थी अच्छे से पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद और साहित्यकि गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर भाग लें।

यादव यहां स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्कूल चले हम अभियान के कार्यक्रम में बोल रही थी। यह कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर में आयोजित किया गया था। उज्जैन जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू हुआ है। यह नवीन शिक्षण सत्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चले हम अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। यह अभियान 4 अप्रैल तक प्रतिदिन जिले की शालाओं में चलेगा। इस कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप में 15 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण एवं 5 विद्यार्थियों को साईकल वितरण किया गया है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, संजय अग्रवाल, पार्षद दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, उपस्थित थे। अतिथियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों का प्रवेशोत्सव मनाया गया। अतिथियों ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रवेशोत्सव के मौके पर शुभकामनाएं दी। डीईओ, डीपीसी, एडीपीसी, बीईओ और प्राचार्य उपस्थित रहें।

मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान भोपाल में हो रहे स्कूल चले हम अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन भी हुआ। उन्होंने संबोधन में कहां कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 01 से 04 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान चलेगा और बच्चों को प्रदेश के स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा।